प्रादेशिक समाचार
16.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

जेएसएससी–सीजीएल में सफल अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन राजधानी के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय में जारी है। तो दूसरी ओर प्रदर्शनकारी छात्रों का आंदोलन भी कार्यालय के बाहर जारी है। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किया है, जिसमें कई छात्रों को चोटें आई हैं।इसी बीच पुलिस ने छात्रों का नेतृत्व कर रहे जेएलकेएम नेता देवेंद्र महतो को हिरासत में ले लिया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने छात्रों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के आक्रामक प्रदर्शन में भाग लेने से बचें।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के ईडी के समन की अवहेलना के खिलाफ आज झारखंड उच्च न्यायालय में फिर से सुनवाई हो रही है। 4 दिसंबर को मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने श्री सोरेन को एमपी एमएलए के स्पेशल कोर्ट में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने से छूट दी थी। इस पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया था।

******************

देश आज विजय दिवस मना रहा है। विजय दिवस हर साल 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप बांग्लादेश को भी आजादी मिली थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने विजय दिवस के अवसर पर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी है।

******************

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। 73 वर्षीय हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। गौरतलब है कि छह दशक के करियर में श्री हुसैन ने पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते। साथ ही उन्हें 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण पुरस्कारों से नवाजा गया था।

******************

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज रांची में एक कार्यशाला आयोजित की गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और अन्य संबंधित विभागों द्वारा इसका आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड–2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आईएमडी का थीम सॉन्ग भी लांच किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में मौसम विज्ञान विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

******************

लोहरदगा में जिला स्तरीय युवा महोत्सव के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

******************

तीन दिवसीय झारखंड तलवारबाजी प्रतियोगिता में 19 गोल्ड, 16 सिल्वर और 27 ब्रॉन्ज मैडल जीतकर रांची की टीम चौंपियन बनी। रांची की टीम ने कुल 62 मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ को दूसरा और हजारीबाग को तीसरा स्थान मिला। राजधानी रांची के आईडियल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 जिलों के करीब दो सौ पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

*******समाप्त*********